तापमान
अधिकतम 26.0 डिग्री
न्यूनतम 14.0 डिग्री

हरिभूमि
# रत्न भूमि

रायपुर, रविवार, 5 जनवरी 2025



15 दिल्ली से आए बंद लिफाफे पर टिकी गरियाबंद...




20 विद्यार्थी जीवन में अहम भूमिका निभाता है खेल : केआर






।। बाबा ऊँ श्री शिव ।।
नवकार ज्वेलर्स
सच्चा सौदा ईमानदारी का
राजिम नवापारा, रायपुर
सावधान सावधान
चाइना गोल्ड से सावधान
नवकार ज्वेलर्स राजिम में अब जापानी तकनीक से युक्त सोने की शुद्धता जांचने की मशीन
जापानी तकनीक से युक्त मशीन
सोने की शुद्धता एवं कैरेट की जांच
निःशुल्क सोने की शुद्धता जांच
चाइना गोल्ड से बचने का उपाय
नवकार ज्वेलर्स राजिम में मशीन द्वारा अपने सोने की शुद्धता की जांच करवाएं तथा यह सुनिश्चित करें की आपका सोना असली है या चाइना

अधिकृत विक्रेता :
श्री बजरंग इलेक्ट्रिकल्स
कम वोल्टेज में ज्यादा पानी देने वाला ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप
बस स्टैण्ड, नवापारा, मो. 98278-87946, 93400-18107
V4,V5,V6 एवं 50 फीट हेड वाला सबमर्सिबल पंप
ग्रीन वेल सबमर्सिबल पंप


## गायत्री महायज्ञ आज से



**नवापारा-राजिम।** नवापारा के हरिहर हायर सेकेण्डरी स्कूल में 5 से 8 जनवरी तक 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव का आयोजन 5 जनवरी दोपहर 12 बजे से 1008 कलशधारी बहनों एवं हजारों ध्वजवाहको, भजन मंडली, झांकियों एवं सृजन सेनानियों सहित हजारों मातृशक्तियों द्वारा भव्य कलश यात्रा निकाली जाएगी। यह कलश यात्रा महायज्ञ स्थल से निकलकर तर्री रोड होते हुए गायत्री मन्दिर,शीतला तालाब,काली मंदिर होते हुए शेष पेज 16 पर

# पुलिस मुठभेड़ में पांच लाख का इनामी नक्सली ढेर, हथियार व विस्फोटक जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले के थाना इंदागांव क्षेत्र में पुलिस और नक्सलियों के बीच हुई मुठभेड़ में एक इनामी नक्सली मारा गया। इस कार्रवाई में सुरक्षा बलों ने 4 हथियार, विस्फोटक सामग्री, वायरलेस सेट और अन्य नक्सल सामग्री बरामद की। मारे गए नक्सली की पहचान इंदागांव एरिया कमेटी के सदस्य रोशन के रूप में हुई, जिस पर 5 लाख रुपये का इनाम घोषित था। कांडसर-नागेश के मध्य जंगल और पहाड़ी क्षेत्र में 3 जनवरी को लगभग सुबह 11:10 बजे सूचना मिलने पर ई-30 शेष पेज 16 पर



### सुरक्षा बलों की सफलता

यह संयुक्त अभियान नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत बड़ी सफलता माना जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में इस तरह की कार्रवाई से क्षेत्र में नक्सली गतिविधियों पर लगाम लगाने में मदद मिलेगी। जिले में चल रहे नक्सल उन्मूलन अभियान ने नक्सलियों के खिलाफ बड़ी जीत दर्ज की है। मुठभेड़ में मारा गया 5 लाख का इनामी नक्सली सुरक्षा बलों के लिए एक अहम सफलता है। अभियान जारी रहेगा, जिससे क्षेत्र में शांति और सुरक्षा का माहौल स्थापित हो सके।

## 338 करोड़ रुपए के विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय 5 जनवरी को जिला गरियाबंद प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान मुख्यमंत्री श्री साय जिले को विभिन्न विकास एवं निर्माण कार्यों की सौगात देंगे। मुख्य कार्यक्रम 5 जनवरी 2025 को पुलिस परेड ग्राउंड गरियाबंद में आयोजित किया जायेगा। मुख्यमंत्री श्री साय 338 करोड़ रूपए से अधिक के 193 विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन करेंगे। इनमें 219.03 करोड़ रूपए के 149 विकास कार्यों का भूमिपूजन और 119.77 करोड़ रूपए के 44 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल हैं। साथ ही विभागीय स्टॉलो का निरीक्षण कर हितग्राहियो को विभिन्न शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करेंगे। मुख्यमंत्री श्री साय द्वारा किये जाने वाले मुख्य लोकार्पण कार्यों में देवभोग - अमलीपदर - उरमाल मार्ग लम्बाई 23 किलोमीटर का 36 करोड़ 84 लाख शेष पेज 16 पर



- मुख्यमंत्री साय जिले को देंगे विभिन्न सौगात

## गादीकोट में शिव महापुराण कथा आज से

**छुरा।** थाना के सामने, गादीकोट (छुरा) में शिव महापुराण कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया है। कथा वाचक पूज्य पंडित योगेश सुरेन्द्र प्रसाद दुबे जी महाराज व्यास पीठ पर विराजित हो अपनी ओजस्वी अमृतमय वाणी से श्री शिव महापुराण कथा का रसपान करायेंगे। मुख्य अतिथि भ्राता यशपेन्द्र शाह, छुरा के राजा, उप मुख्य अतिथि भ्राता शिवलाल सिन्हा, अध्यक्ष कलार समाज परिक्षेत्र छुरा, अध्यक्षता, अतिथिगणभ्राता कुलेश्वर सिन्हा, पत्रकार छुरा, भ्राता अशोक दीक्षित, पार्षद छुरा, भ्राता रमेश शेष पेज 16 पर


एस.आर. पैरामेडिकल कॉलेज
छ.ग. शासन के पैरामेडिकल काउंसिल से मान्यता प्राप्त
प्रवेश प्रारंभ
सीमित सीटे
उपलब्ध पैरामेडिकल टेक्निशियन कोर्स
➜ ऑपरेशन थियेटर टेक्निशियन
➜ पैथोलॉजी लैब टेक्निशियन
➜ एक्स-रे टेक्निशियन
सरकारी नौकरी हेतु मान्यता प्राप्त कोर्स
काउंसलर का मोबाईल नं.-7880102604
चिखली, पोस्ट-जेवरा सिरसा, धमधा रोड, जिला-दुर्ग (छ.ग.)

















प्रस्तुति- श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला-गरियाबंद, मो.: 79871-24123




संकलनकर्ता- दीपक पोद्दार हरिभूमि संवाददाता फिंगेश्वर, विज्ञापन एवं समाचार के लिये संपर्क करें- मो.-9826377127

CHACHI™ Bazaar

विश्वास आपका, क्वालिटी हमारी..

# अब बिहाव (शादी) कपड़ा के खरीददारी होही

टेंशन फ्री

| साड़ी | टर्किश टावेल | गमछे | पेन्टपीस+ शर्टपीस सेट | जॉकी अण्डरगारमेन्ट | सियाराम शूटिंग + शटिंग |
|---|---|---|---|---|---|
| 50/- से शुरू | 45/- से शुरू | 25/- से शुरू | 100/- से शुरू | | |






## हम लाए हन् साड़ी अऊ अन्य सभी जरूरी आईटम होलसेल दाम मा...

फैंसी वस्त्रों का नया पता...

साड़ीयां कुर्तीयां | सूटपीस टाप | बेडशीट शॉल/कंबल | मेन्स वियर कोटसूट-शेरवानी | किड्स वियर लोवर/कैप्री | और भी बहुत कुछ

# चाची बाजार

गंज रोड, बस स्टैण्ड से कृषि मंडी के बीच मार्ग पर, नवापारा (राजिम)

फोन : 89621-75674, 89620-75674

प्रस्तुति-श्यामकिशोर शर्मा, ब्यूरोचीफ, हरिभूमि कार्यालय राजिम, जिला गरियाबंद, मो.नं.-79871-24123

## खबर संक्षेप

### घुंचापाली चंडी मंदिर में 3 युवकों ने की मारपीट

**महासमुंद।** बागबाहरा के घुंचापाली स्थित चंडी मंदिर में भालुओं की देखरेख करने वाले के साथ 3 युवकों द्वारा मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। पुलिस ने रिपोर्ट पर आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। ग्राम सोनापुटी निवासी पराग धृतलहरे पिता मनीराम धृतलहरे 29 दिसंबर को घुंचापाली चंडी मंदिर स्थित पहाड़ी में प्रतिदिन आने वाले भालुओं की देखरेख, खाना पीना एवं आम जनता को उनसे दूर रखने का काम अपने साथी राजा चंद्राकर के साथ कर रहा था। उसी समय बागबाहरा का विक्की तार घेरा के अंदर गया तो उसे बाहर निकलने कहा। जिस पर विक्की वहां से निकलकर चला गया। इसके बाद पास में खड़े आरोपी आकाश निषाद ,कुणाल यादव, हिमांशु बघेल आये और कहा कि विक्की भाई को कैसे बाहर निकाल दिया, ऐसा कहकर प्रार्थी के साथ गाली गलौज करते हुए हाथ मुक्का से मारपीट करने लगे। इस दौरान आकाश निषाद हाथ में रखे धारदार कैची से प्रार्थी के पीठ में मारा। आरोपी जान से मारने की धमकी भी दी।

### भाजपा के नए जिला अध्यक्ष की घोषणा का इंतजार, अनिल चंद्राकर सबसे मजबूत दावेदार

# दिल्ली से आए बंद लिफाफे पर टिकी गरियाबंद की सियासत, जल्द खुलेगा नए अध्यक्ष का नाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

जिले में भाजपा के नए जिला अध्यक्ष के चयन को लेकर कार्यकर्ताओं और नेताओं में जोरदार चर्चा है। दिल्ली में हुई हाई-प्रोफाइल बैठक के बाद अब सभी की नजरें इस पर टिकी हैं कि जिले की कमान किसके हाथ में सौंपी जाएगी। पार्टी ने सभी जिलों में नए जिला अध्यक्षों के चयन के लिए प्रक्रिया तेज कर दी है। 5 जनवरी को नामांकन की प्रक्रिया होगी और 6 जनवरी को नए जिला अध्यक्ष के नाम की घोषणा की जाएगी।

सभी नाम दिल्ली से बंद लिफाफों में भेजे गए हैं, जिन्हें जिला चुनाव अधिकारी संबंधित जिलों में खोलेंगे। सूत्रों के अनुसार, गरियाबंद जिले से अनिल चंद्राकर की दावेदारी सबसे मजबूत मानी जा रही है। उन्होंने संगठन में जिला उपाध्यक्ष और महामंत्री जैसे पदों पर काम करते हुए अपनी सुदृढ़ छवि बनाई है। उनकी कार्यशैली और संगठन के प्रति समर्पण ने उन्हें नेतृत्व और कार्यकर्ताओं के बीच एक भरोसेमंद चेहरा बनाया है। अनिल चंद्राकर के अलावा पुनित राम सिन्हा और योगेश शर्मा भी संभावित दावेदारों की सूची में हैं। हालांकि, नेतृत्व किसे जिला अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपेगा, इसका खुलासा 6 जनवरी को होगा।



### *जिले में बढ़ी उत्सुकता*

*जिला अध्यक्ष की घोषणा से पहले कार्यकर्ताओं में उत्सुकता चरम पर है। सभी यह जानने को उत्सुक हैं कि पार्टी का नया जिला अध्यक्ष कौन होगा, जो आगामी चुनावों में पार्टी को मजबूती देगा।*

### *60 साल की आयु सीमा लागू*

*भाजपा ने इस बार जिला अध्यक्ष पद के लिए 60 साल की अधिकतम आयु सीमा तय की है। पार्टी किसी भी विवाद से बचने के लिए इस प्रक्रिया को पूरी पारदर्शिता के साथ पूरा कर रही है। अब देखना होगा कि गरियाबंद का अगला कप्तान कौन होगा और वह संगठन को किस दिशा में ले जाएगा।*

# शांतिकुंज प्रतिनिधि ने भोजनालय एवं यज्ञशाला निर्माण का किया निरीक्षण





हरिभूमि न्यूज ▶▶| नवापारा-राजिम

अखिल विश्व गायत्री परिवार युग तीर्थ शांतिकुंज हरिद्वार उत्तराखंड के मार्गदर्शन में होने वाले 108कुंडीय राष्ट्र जागरण गायत्री महायज्ञ एवं संस्कार महोत्सव के इस आयोजन में शांतिकुंज प्रतिनिधि पुष्कर का आगमन गायत्री शक्ति पीठ नवापारा में हुआ। पुष्कर का तिलक लगाकर वरिष्ठ कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

अपने इस उदगार व्यक्त शुरू करने के पहले गायत्री मंत्र की वंदना कर गोष्ठी की शुरूआत की। तत्पश्चात अपने उदबोधन में हर मनुष्य के अंदर देवत्व का जागरण हो और उन्होंने अपने इस गोष्ठी में कहा कि हम सभी तो युग ऋषि परम पूज्य गुरूदेव के अव्यव अंग है इस आयोजन को करने और कराने वाले गुरूदेव ही है हम सभी तो उसके संतान है। ऐसा उन्होंने अपना सुझाव रखा एवं कार्यक्रम की रूपरेखा को विशेष ध्यान देते हुए भोजनालय व्यवस्था, यज्ञशाला निर्माण, मुख्य मंच और भव्य प्रदर्शनी की ओर ध्यान आकर्षित करते हुए सभी जगहों का निरीक्षण किया। उन्होने सभी को ऊजार्वान बनाएं रखने के लिए जय घोष का नारा लगाकर हम बदलेंगे युग बदलेगा, हम सुधरेंगे युग सुधरेगा 108 कुंडीय गायत्री महायज्ञ सफल हो, सफल हो ,सफल हो के नारे के साथ अपनी वाणी को विराम दिए। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी सुदर्शन वर्मा ने वहां उपस्थित सभी कार्यकर्ताओं को दिशा-निर्देश देते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करने के लिए सभी को प्रेरित किया।

# सावित्री बाई फुले की जयंती मनाई गई

**मुडाग़ांव(कोरासी)।** शासकीय प्राथमिक शाला तुमगांव में प्रथम महिला शिक्षिका सावित्री बाई फुले जयंती उत्साह के साथ मनाया गया। महाराष्ट्र के सतारा जिले के नयागांव में 3 जनवरी 1831 को जन्मी सावित्रीबाई फुले भारत की पहली महिला शिक्षिका थी। इनके पिता खन्दोजी नैवेसे और माता लक्ष्मी बाई थे। समन्वयक शंकर लाल यदु ने सावित्रीबाई फुले के बारे में बताते हुए कहा कि वे शिक्षक होने के साथ भारत के नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता, समाज सुधारक और मराठी कवयित्री भी थीं। बालिकाओं को शिक्षित करने के लिए समाज का कड़ा विरोध झेलना भी पड़ा था। कई बार तो ऐसा भी हुआ जब इन्हें समाज के रसूखदारों से पत्थर भी खाना पड़ा।



आजादी के पहले तक भारत में शूद्र और स्त्री की गिनती दोयम दर्जे में होती थी। आज की तरह उन्हें शिक्षा का अधिकार नहीं था। वहीं अगर बात 18 वीं सदी की करें तो उस समय शूद्र और स्त्री का स्कूल जाना भी पाप समझा जाता था। शिक्षक ईश्वर प्रसाद देवांगन ने कहा कि सावित्री बाई फुले आधुनिक मराठी काव्य का अग्रदूत रही हैं। भारत की पहली महिला शिक्षिका सावित्रीबाई ने अपने पति समाजसेवी महात्मा ज्योतिबा फुले के साथ मिलकर 1848 में बालिकाओं के लिए एक विद्यालय की स्थापना की थी। ममता समता की देवी जैसे विशेषणों को चरितार्थ करते हुए उन्होंने 10 मार्च 1897 को अंतिम सांस ली। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से हिरमिसी, मुंगेध्वरी, डालेश्वरी, मीरा, तृषा, द्रोण कुमार, चेतन, कोमल, खिलेंद्र, किसन, देवेश, भीष्म, गिरिराज, यमन, ईशांत कुमार, ऋषभ कुमार, गावस्कर निषाद, समाज सेवी मनोज पटेल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।







संकलनकर्ता- गोरेलाल सिन्हा, हरिभूमि ब्यूरोचीफ गरियाबंद मो.- 9993223300

**खबर संक्षेप**

### मुख्यमंत्री आज जिले के प्रवास पर रहेंगे

**गरियाबंद।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय रविवार 05 जनवरी को गरियाबंद जिले के प्रवास पर रहेंगे। प्रोटोकॉल से प्राप्त जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री श्री साय प्रातः 11:55 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा पुलिस ग्राऊंड रायपुर से प्रस्थान कर दोपहर 12:25 बजे नवीन पुलिस ग्राउण्ड गरियाबंद पहुंचेंगे। तत्पश्चात वे दोपहर 12.30 बजे पुलिस परेड ग्राउण्ड में आयोजित विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात वे दोपहर 1.35 बजे सर्किट हाउस पहुंचेंगे। दोपहर 02.05 बजे भाजपा कार्यालय पहुंचेंगे। इसके पश्चात दोपहर 03.10 बजे गांधी मैदान में आयोजित राष्ट्र जागरण 108 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल होंगे। कार्यक्रम पश्चात मुख्यमंत्री शाम 04.15 बजे हेलीकॉप्टर द्वारा रायपुर के लिए प्रस्थान करेंगे। लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय बतौर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता खाद्य नागरिक आपूर्ति उपभोक्ता संरक्षण एवं जिले के प्रभारी मंत्री श्री दयाल दास बघेल करेंगे।

व्यवस्था : नगरीय निकायों में प्रशासकों की जिम्मेदारी एसडीएम और नगर पंचायतों में तहसीलदारों को

# नगरीय निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति कोपरा और देवभोग नगर पंचायत अपवाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गरियाबंद

छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय चुनाव से पहले प्रशासनिक व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए नगर निगमों, नगर पालिका परिषदों और नगर पंचायतों में प्रशासकों की नियुक्ति की जा रही है। हालांकि, गरियाबंद जिले के नगर पंचायत कोपरा और देवभोग में अभी तक प्रशासकों की नियुक्ति नहीं की गई है। यहां पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा मनोनीत समितियों के पदाधिकारी ही नगर पंचायतों का संचालन कर रहे हैं।

प्रशासकों की जिम्मेदारी एसडीएम और तहसीलदारों को राज्य शासन ने नगरीय निकायों में प्रशासकों की जिम्मेदारी एसडीएम (अनुविभागीय दंडाधिकारी) और नगर पंचायतों में तहसीलदारों को सौंपी है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है। वहीं, जिन नगर पंचायतों में प्रशासक नियुक्त नहीं हुए हैं, वहां शासन से नियुक्त अध्यक्ष ही व्यवस्थाओं का संचालन करेंगे।




### नए निकाय चुनाव की तैयारी शुरू

राज्य निर्वाचन आयोग ने नगरीय निकाय चुनाव 2024-25 के लिए मतदाता सूची के पुनरीक्षण का कार्यक्रम जारी कर दिया है। प्रारंभिक प्रकाशन 3 दिसंबर 2024 दावा-आपत्ति की अंतिम तारीखः 6 जनवरी 2025

**अंतिम प्रकाशनः** 15 जनवरी 2025 जो युवा मतदाता 1 जनवरी 2025 तक 18 वर्ष की आयु पूरी कर चुके हैं, वे मतदाता सूची में अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन कर सकते हैं।

### नवगठित नगर पंचायतों में प्रशासक नहीं

गरियाबंद जिले में वर्ष 2024 में अस्तित्व में आए नगर पंचायत कोपरा और देवभोग में प्रशासकों की नियुक्ति नहीं की गई है। इससे इन निकायों में संचालन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है।

### निकायों का चुनाव जल्द संभव

नगरीय निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति के बाद अब चुनाव की प्रक्रिया तेज होने की उम्मीद है। चुनाव के बाद ही इन निकायों में नियमित प्रतिनिधियों का चयन हो सकेगा। नई मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद चुनावी तिथियों की घोषणा की जाएगी। गरियाबंद समेत पूरे राज्य में नगरीय निकायों के चुनाव की तैयारी तेज हो गई है। हालांकि, कोपरा और देवभोग जैसे नवगठित नगर पंचायतों में प्रशासकों की नियुक्ति का इंतजार जारी है। सरकार का फैसला इन क्षेत्रों की प्रशासनिक व्यवस्था को प्रभावित कर सकता है।

### कोपरा और देवभोग में प्रशासकों की नियुक्ति नहीं

छत्तीसगढ़ के गरियाबंद जिले में नगरीय निकाय चुनाव की तैयारियों के बीच शासन ने अधिकांश नगर पंचायतों और नगर पालिकाओं में प्रशासकों की नियुक्ति कर दी है। जिले के नगर पंचायत राजिम, फिंगेश्वर, छुरा और गरियाबंद में प्रशासक के तौर पर एसडीएम और तहसीलदारों को जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन, नवगठित नगर पंचायत कोपरा और देवभोग में प्रशासकों की नियुक्ति नहीं होने से शासन की मंशा पर सवाल उठ रहे हैं। प्रशासकों की नियुक्ति में दोहरा मापदंड? राज्य सरकार ने अन्य निकायों में प्रशासकों की नियुक्ति कर प्रशासनिक संचालन को सुनिश्चित किया है। वहीं, कोपरा और देवभोग जैसे नवगठित नगर पंचायतों को इस प्रक्रिया से अलग रखना कहीं न कहीं सरकार के फैसले पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। इन क्षेत्रों में अब भी मनोनीत समितियों के पदाधिकारी नगर पंचायतों का कामकाज संभाल रहे हैं।

## गौ संरक्षण और संवर्धन से संबंधी परीक्षा दी छात्र-छात्राओं ने



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फिंगेश्वर।

छत्तीसगढ़ राज्य गौ संरक्षण एवं संवर्धन समिति जागृति मंडल रायपुर के द्वारा विद्यार्थियों के बीच गौ माता के श्रद्धा भाव जागृत करने एवं गौ वंश संवर्धन सुरक्षा हेतु व्यापक जन जागरण अभियान चलाया जा रहा है। इसी तारतम्य में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बिजली में गौ विज्ञान परीक्षा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर गौ संरक्षण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संस्था के प्राचार्य पूरनलाल साहू ने कहा कि भारतवर्ष में जब से सभ्यताएं विकसित हुए हैं उस कालखंड से ही गौ माता को विशिष्ट स्थान प्राप्त है।गाय का दूध,दही,घी ही नहीं अपितु गोबर और गोमूत्र भी काफी उपयोगी है।पंचगव्य के बिना हिंदू धर्म में कोई भी पूजन संभव नहीं है।उन्होंने कहा कि गाय हिन्दू त्योहारों और अनुष्ठानों का एक अभिन्न अंग है।जिस घर में गाय होती है उस घर का वातावरण बहुत पवित्र होता है।गाय भारतीय समाज में एक विशेष स्थान रखती है। गाय को एक पवित्र और सौम्य प्राणी के रूप में देखा जाता है जो सदियों से हिंदू संस्कृति और आध्यात्मिकता में गहराई से समाहित है।अतःगाय को पवित्रता,समृद्धि एवं मातृत्व का प्रतीक माना जाता है। इस अवसर पर संस्था के प्राचार्य पूरन लाल साहू, समाजसेवी तेजराम साहू (गौ विज्ञान प्रभारी) व्याख्याता दिनेश कुमार साहू, विनय कुमार साहू, नरेंद्र कुमार वर्मा, रेखा सोनी, गीतांजली नेताम, संतोषी गिलहरे, नकुल राम साहू, भृत्य आकाश सूर्यवंशी एवं छात्र- छात्राएं उपस्थित थे।

## मैनपुर हायर सेकंडरी स्कूल में पालक-शिक्षक की बैठक हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

तहसील मुख्यालय मैनपुर शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में शनिवार को शासन के निर्देशानुसार पालक, शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें अर्धवार्शिक परीक्षा परिणाम पर चर्चा कर बच्चों की स्तर को बेहतर बनाने के साथ अपार आईडी के लिए आधार अपडेट करने जाति निवास प्रमाण पत्र एवं कक्षा नवमीं से बारहवीं के छात्रों के दस्तावेजों को पूर्ण कराने के संबंध में चर्चा किया गया। इस मौके पर शाला प्रबंधन विकास समिति अध्यक्ष योगेश शर्मा प्राचार्य माधुरी नागेश, रामकृष्ण ध्रुव, महेश कश्यप, शेख हसन खान, अभीराम तांडी, तिलकराम, दीपा साहू, त्रिवेणी, खिलावन सिंन्हा, गोविंद फरस, मोतिम साहू, बिन्दा जगत, चांदनी सिन्हा एवं बड़ी संख्या में पालकगण उपस्थित थे। वही दूसरी ओर शासकीय प्राथमिक शाला खलियाभाठा पालक शिक्षक बैठक के संबध में छत्तीसगढ़ शासन से पत्र जारी के अनुसार जिसमें अर्धवार्षिक परीक्षा के दस दिवस के अदंर तृतीय पालक शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया था शासकीय प्राथमिक शाला खलियाभाठा तृतीय पालक शिक्षक बैठक में विशेष चर्चा आपार आईडी छात्रों का आधार कार्ड छमाही परीक्षा अकलन पांचवी परीक्षा के



बेहतर वार्षिक परीक्षा परिणाम कराने के लिए चर्चा, जाती प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र एवं आय प्रमाण पत्र बनाने के सबंध में विशेष रूप से चर्चा किया गया ।जिसमें शास प्राथमिक शाला खलियाभाठा के प्रधान पाठक केशरी कुमार भोई, सहायक शिक्षक दीपकेशरी नेताम शाला प्रबंधन विकाश समिति के अध्यक्ष मालवंत बघेल, मकरो मरकाम, कुंदन राम, वीसी रोहित कुमार कश्यप, जोगेंद्र, नागेश, गिरीश कुमार बघेल, कमल राम कश्यप, पुस्तम राम कश्यप, चक्रधर कश्यप, उद्धव राम कश्यप, चंदू राम, नागेश, साधुराम बीसी, खुदमनी बाई कश्यप, रीता बाई, कश्यप सभी ग्रामीण जन उपस्थित थे।

## खोरपा नरेश हत्याकांड में तांत्रित विवाद की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर

अभनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खोरपा निवासी नरेन्द्र साहू की लाश संकरी उल्बा नर्सरी के समीप विगत 29 नवम्बर को मिली थी पीएम रिपोर्ट स्पष्ट नही होने के कारण विसरा प्रिजर्व प्रक्रिया कर एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना की जा रही थी मौके पर पुलिस द्वारा बरामद गंगाजल शीशी, लाल कपड़ा, अगरबत्ती, चंदन, बंदन आदि को देखते हुये पुलिस तांत्रिक क्रिया की आशंका कर रही थी जांच के दौरान पाया गया कि आरोपी खुशवंत उर्फ खुबू साहू द्वारा तंत्र क्रिया कर प्रलोभित कर रूपया पैसा वसूलता था मृतक नरेन्द्र साहू से भी पैसा डबल करने के चक्कर पैसा वसूल चुका था उसी पैसो को मांग करने पर आरोपी द्वारा सायनाईड जहर को गंगाजल मे मिलाकर तंत्र मंत्र के बहाने हत्या कर दी गई इसी तरह आरोपी द्वारा धमतरी जिले मे भी अपने एक दोस्त बिरेन्द्र देवांगन से काफी रकम लिया था पैसा वापस मांगने पर उसकी भी हत्या करना आरोपी खुशवंत साहू ने स्वीकार किया है,दोनो की प्रकरणो के मृतको के संबंध मे आरोपी खुशवंत तंत्र क्रिया कर रूपया पैसा निकालने प्रलोभित करने एवं मृतको द्वारा दिये गये पैसे की लगातार मांगने करने पर पैसा न देना पड़े तंत्र क्रिया का बहाना कर सुनियोजित ढ़ंग से दोनो को साइनाईड जहर का उपयोग कर हत्या स्वीकारा है। नरेन्द्र साहू की हत्या करने पाये जाने पर धारा 103 (1) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया । इस घटना मे एक ही आरोपी था अथवा उसके और सहयोगी इसमे सम्मिलित है पुलिस इस विषय पर भी जांच कर रही है।



## सीएम आगमन से पूर्व डेढ़ साल से बंद लाइट जली, स्टेडियम चकाचक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मैनपुर

जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालय स्थित मिनी स्टेडियम में रात्रिकालीन खेलकूद सम्पन्न हो सके इस उददेश्य से लाखों करोड़ों रूपये खर्च कर हाईमास्क लाईट लगाई जा चुकी है लेकिन डेढ़ साल बाद भी अब तक बिजली की लाईट को जलाया नहीं गया था। इस खबर को हमारी हरिभूमि अखबार ने प्रमुखता के साथ प्रकाशित किया था और कल रविवार 5 जनवरी को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का जिला मुख्यालय गरियाबंद आगमन हो रहा है मुख्यमंत्री के गरियाबंद आगमन से पहले आज एक दिन पहले ही स्टेडियम में लगाए गए हाईमास्क लाईट को प्रारंभ कर दिया गया है। पूरा स्टेडियम क्षेत्र दुधिया रौशनी से जगमगा उठा है जिससे क्षेत्र के खेल प्रेमियों व खिलाड़ियों में भारी उत्साह देखने को मिल रहा है। क्षेत्र के लोगो ने स्टेडियम में हाई मास्क लाईट प्रारंभ होने पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं हरिभूमि के प्रति अभार व्यक्त किया है। ज्ञात हो कि वित्तीय वर्ष 2022–23 में मिले डीएमएफ फंड का ज्यादातर उपयोग सरकारी और उपयोगी संस्थानों को चकाचौंध करने में खर्च किया गया. इसी कड़ी में ही गरियाबंद जिले के मैनपुर देवभोग के अलावा अन्य विकासखण्डों के मिनी स्टेडियम में 40–40 लाख का बजट हाई मास्क लाइट के लिए खर्च का प्रावधान किया गया. काम कराने का जिम्मा अलग–अलग संस्थानों को सौंपा गया छुरा, मैनपुर का कार्य लोक निर्माण विभाग के बिजली शाखा के माध्यम से किये जाने की जानकारी मिली है. मुख्यमंत्री के गरियाबंद आगमन से पूर्व ही शनिवार को मैनपुर पैरी स्टेडियम भाठीगढ़ में लगाए गए विद्युत हाई मस्क लाईट चकाचक जलने लगी है।




## शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है : पूरन

**फिंगेश्वर।** तृतीय पालक शिक्षक बैठक का आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला बिजली में किया गया।कार्यक्रम का शुभारंभ शाला के प्राचार्य के द्वारा माँ सरस्वती के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित व श्रीफल फोड़कर किया गया। तत्पश्चात प्राचार्य पूरन लाल साहू ने बैठक के उद्देश्य से अवगत कराते हुए नई शिक्षा नीति 2020 के मंशानुरूप सत्र 2024–25 में पालको के साथ बेहतर संवाद स्थापित करने उन्हें बच्चों के प्रगति से अवगत कराने एवं बच्चों में भविष्य की संभावनाओं का आकलन कर पालको के साथ समन्वय साधते हुए संयुक्त रूप से उन्मुखी प्रयास करते हुए बच्चों के शारीरिक मानसिक एवं सवांगीण विकास हेतु विद्यालय एवं बालकों के मध्य बेहतर संबंध में स्थापित करना है। शिक्षक एवं बालकों के संयुक्त प्रयास से बच्चों में पढ़ाई के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्माण, अपार आईडी संबंधित पालक



की सहमति पत्र, छात्रों का आधार कार्ड, अर्धवार्षिक परीक्षा की जानकारी, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अनुरूप ड्रॉप आउट रोकने के लिए बालकों की भूमिका सुनिश्चित करते हुए सभी विद्यार्थियों का आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र बनाना जरुरी है जिससे कि बच्चों को भविष्य में किसी प्रकार की तकलीफ ना हो एवं शासन से मिलने वाली योजनाओं के लाभ से वंचित न हो।विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं व छात्रवृत्ति सम्बन्धित विभागीय योजनाओं की जानकारी प्रदान करने के साथ ही विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से पढ़ाई के बारे में जानकारी प्रदान किया।

### बच्चों के होमवर्क पर ध्यान देवें

उन्होंने आगे पालकों से कहा कि सभी पालक अपने बच्चों को नियमित रूप से घर पर समय सारणी बनाकर अध्ययन के लिए प्रेरित करें।वहीं स्कूल के अलावा आप अपने घरों में बच्चों के होमवर्क पर ध्यान देवें तो निश्चित ही विद्यार्थी की शिक्षा गुणवत्ता में सुधार आएगी। जीवन में शिक्षा का बहुत महत्व है क्योंकि शिक्षा के बिना मानव जीवन अधूरा है। शाला में अध्ययनरत नवमी से बारहवीं तक सभी विद्यार्थियों का अपार आईडी जन रेट हो गया है। इस अवसर पर प्राचार्य पूरनलाल साहू संकुल समन्वयक भुवन यद्‌दु, दिनेश कुमार साहू,विनय कुमार साहू,रेखा सोनी,गीतांजलि नेताम, संतोषी गिलहरे, प्रधान पाठक नंदकुमार यादव, टिकेंद्र यद्‌दु, कृपाराम बघेल, वीरेंद्र यद्‌दु, नकुल राम साहू, सांसद प्रतिनिधि लिखन निषाद, दयाराम साहू, दूजलाल ढीढी, रूपकुमार साहू,गिरधर साहू, हेमलाल साहू, सहित पालकगण एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## बच्चों के होमवर्क पर पालक नजर रखें तभी आएगी कुशलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रसेला

क्षेत्र के समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में सत्र 2024-25 में तृतीय पालक, शिक्षक बैठक हुई। इसी कड़ी में शनिवार को प्राथमिक शाला, माध्यमिक शाला और हाईस्कूल रसेला में पालक, बालक, शिक्षक बैठक आयोजित किया गया। जिसमें प्राथमिक शाला और माध्यमिक शाला में प्रधानपाठक बालचंद नेताम ने बताया कि स्कूली शिक्षा में समुदाय के महत्व के बारे कहा कि समुदाय के कारण ही शाला का प्रबंधन और विकास कैसे संभव है इसके बारे में चर्चा किया गया। शिक्षा के प्रचार प्रसार के लिए बालक, पालक, शिक्षक ये तीनों में तालमेल की आवश्यकता है। इस दौरान शिक्षक देवनारायण साहू ने माध्यमिक शाला के अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम को बैठक में कक्षावार पढ़कर सुनाया गया जिसमें कक्षा 8 वीं में कुल दर्ज



संख्या 46 परीक्षा में बैठे 43 प्रथम 05 दुतिया 26 तृतीय 12 ऐसी सभी कक्षाओं का परीक्षा परिणाम को तीन श्रेणी में बांटा गया है। इस तरह प्राथमिक शाला के शिक्षक संदीप सिन्हा भी अर्धवार्षिक परीक्षा परिणाम की जानकारी दी गई। पांचवीं, आठवीं, दसवीं, बारहवीं के बेहतर वार्षिक परीक्षा परिणाम लाने एवं शत प्रतिशत परीक्षा में उपस्थित कराने के लिए प्रेरित किया जाए। जाति प्रमाण पत्र, जन्म प्रमाण पत्र निवास प्रमाण पत्र बनाने के लिए सभी पालकों को कागजात पूर्ण कराने के लिए कहा गया। बैठक में स्कूल में बच्चों की नियमित उपस्थिति, शिक्षकों द्वारा नियमित रूप से होमवर्क देने तथा शिक्षा की गुणवत्ता के सुधार के विभिन्न आयामों पर चर्चा की गई। इस मौके पर उपसरपंच परमेश्वर यादव ने कहा कि सभी अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षकों द्वारा दिया गया तथा जांचा गया होमवर्क देखें। पालक आयोजित बैठक में शामिल होकर बच्चों की पढ़ाई को बेहतर करने में योगदान दे। शिक्षक द्वारा 12 बिन्दुओं पर चर्चा कर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। माध्यमिक शाला के प्रबंधन समिति के अध्यक्ष धनेश्वर दास मानिकपुरी ने पालकों से अनुरोध किया कि अपने बच्चों के शिक्षकों से सतत संपर्क में रहे। इससे बच्चे के पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी मिलेगी ही साथ ही आपकी सहभागिता से बच्चे गलत संगत में जाने की आंशका भी नहीं होगी।

ग्राम भेंडरी में जिम के लोकार्पण में शामिल हुए हैप्पी सिंग व योगेश

# युवा पीढ़ी नशे की लत की ओर आगे बढ़ रहा : साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोपरा

जनपद पंचायत फिंगेश्वर अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत भेंडरी में जनपद उपाध्यक्ष योगेश साहू के द्वारा जिम सामग्री दिया गया। जिसके लोकार्पण कार्यक्रम में रायपुर जिम सेंटर के ट्रेनर हैप्पी सिंह कार्यक्रम में पहुंचे। लोकार्पण कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूली बच्चों के सांस्कृतिक नित्य प्रस्तुति से हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे योगेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, अध्यक्षता कर रहे थे। जनपद सदस्य दीपक साहू, विशिष्ट अतिथि के रूप में पहुंचे हुए थे। आसाराम साहू जनपद सभापति, मालती दिलीप साहू जनपद सदस्य, विद्या तुलस साहू जनपद सदस्य, कार्यक्रम में गांव से भारी संख्या में लोग पहुंचे हुए थे। मुख्य अतिथि के हाथों फीता काटकर जिम का उद्‌घाटन किया गया। रायपुर से पहुंचे ट्रेनर ने युवाओं को जिम से संबंधित जानकारी और खुद दो-तीन टिप्स करके दिखाएं। मुख्य अतिथि योगेश साहू ने कहा कि अकाल के दिनों में काफी परेशानियों का सामना बड़े बुजुर्गों को करना पड़ा है। जिस समय खाने के लिए दर-दर भटकना पड़ता था, आज भरपूर मात्रा में सभी उपयोगी चीज मिल रहा है, पुराने लोग खेत खलियान में काम करके अपने शरीर को मजबूत बना लेते हैं किंतु आज के युवा पीढ़ी नशे की लत की ओर आगे बढ़ रहा। युवाओं को जिम में अपना फिटनेस बनाने का सुनहरा अवसर मिला है, इससे युवाओं को रोजगार भी मिलेगा। पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ जिम भी युवाओं के लिए जरूरी बन गया है। बड़े उद्योगपतियों के बॉडीगार्ड बनने का भी सुनहरा अवसर मिल सकता है। हैप्पी सिंह ने जिम के माध्यम से 5000 युवाओं को रोजगार दिलाया है।






### वर्कआउट कर घर का खाना खाएं और प्रोटीन लें

ट्रेनर हैप्पी सिंह ने कहा की जिम का चलन ज्यादातर शहरों में है गांव के लोग खेत खलियान में काम करके अपने शरीर को स्वस्थ बना लेते हैं लेकिन युवाओं के लिए अब जिम आवश्यक हो चुका है अपने शरीर को बॉडीबिल्डर बना सकते हैं। ज्यादातर जिम में आने से पहले सोयाबीन की बड़ी, चावल, अंडा जैसे प्रोटीन चीजों का सेवन करना आवश्यक है। 1 से 18 साल के बच्चों को वर्कआउट करना चाहिए और 18 से 50 के लोगों जिम का उपयोग कर सकते हैं। 50 वर्ग के लोगों को वर्कआउट ही करना चाहिए घर का खाना खाए और प्रोटीन ले। इसके बाद कार्यक्रम को गति देते हुए उपस्थित अतिथियों का गमछा श्रीफल व मोमेंटो देकर सम्मान किया गया और कार्यक्रम आभार करते हुए दीपक साहू ने उपस्थित सभी अतिथियों को वंदन किया। इस दौरान योगेश साहू उपाध्यक्ष जनपद पंचायत फिंगेश्वर, हैप्पी सिंह रायपुर जिम ट्रेनर, दुर्ग से पहुंचे विनोद साहू, दीपक साहू जनपद सदस्य, मालती दिलीप साहू जनपद सदस्य, विद्या तुलस साहू जनपद सदस्य, आसाराम साहू जनपद सभापति, सरपंच मोहन साहू, मंडी अध्यक्ष धनीराम साहू, उप सरपंच आनंद साहू, शिक्षक भागचंद चतुर्वेदी, पंचायत सचिन झम्मन पटेल, अलंकार सिंह, श्याम गिरी गोस्वामी, पूर्व सरपंच सोमनाथ साहू, पांच धनंजय, टीकम साहू, बेदन साहू, रजनीश साहू, गायक आकाश साहू, संचालक कुलंजन साहू, सहित भारी संख्या में उपस्थित युवा रहे।

## पेज 11 के शेष...

### पुलिस मुठभेड़ में...

गरियाबंद, एसओजी नुआपाड़ा (ओडिशा), सीआरपीएफ, डीआरजी धमतरी और 207 कोबरा बटालियन की संयुक्त टीम नक्सल विरोधी अभियान पर निकली। अभियान के दौरान नक्सलियों ने घात लगाकर फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में एक नक्सली मारा गया, जबकि अन्य भागने में सफल रहे। रोशन पर गरियाबंद जिले के विभिन्न थानों में संगीन आपराधिक मामले दर्ज थे। इनमें हत्या, पुलिस पार्टी पर हमले, हथियार लूटने के प्रयास और अन्य अपराध शामिल हैं।

**बरामद सामग्री**

1. 2 नग बीजीएल लॉन्चर
2. 2 नग 315 बोर रायफल
3. नक्सली वर्दी
4. विस्फोटक सामग्री
5. वायरलेस सेट और अन्य नक्सली साहित्य

### 338 करोड़ रुपए...

